DAILY NEWS ACTIVIST, LUCKNOW
Friday, 10 October 2014

एलपीएस करेगा मेगा फाइनल में लखनऊ का प्रतिनिधित्व

लखनऊ (डीएनएन)। टीसीए आईटी विज 20014 लखनऊ संस्करण का विजेता एलपीएस सेक्टर-1 बना। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न कॉलेजों से 1200 से ज्यादा छात्रों ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। देश की सबसे बड़ी क्विज टीसीएस

टीसीए आईटी क्विज का बना विजेता

आईटी का आयोजन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ओर से किया गया। आज के विजेता मेगा फाइनल में लखनऊ का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक एएल बनर्जी ने कहा कि अपने स्कूली दौर में उन्होंने भी क्वीज में खूब प्रतिभाग किया। मूल रूप से वह वाराणसी के रहने वाले हैं। उप्र में शिक्षा का स्तर बेहतर होने पर खुशी जताई। विजयी छात्रों को सम्मानित करने के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि ये लोग तो क्रिकेट खिलाड़ी क्रिस गेल की तरह ताबड़ तोड़ खेल रहे थे।

वहीं भातखंडे संगीत विवि की कुलपति श्रुति शडोलिकर कटकर ने कहा कि कुछ राग ऐसे होते हैं, जिन्हें जब भी गुनगुनाइए तो हर बार नया लगता है। रोमांचक क्षेत्रीय फाइनल के उपरांत एलपीएस सेक्टर-1 से सचिन बंसल और अभिनव सिंह ने खिताब जीता। दूसरे पायदान पर लॉ मार्टिनियर ब्वायज कॉलेज के प्रखर राय और आदित्य जलान रहे। विजेता टीमें अब मेगा फाईनल में उप्र और उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। 6 फाइनालिस्ट जिन्होंने मंच पर अपनी जगह बनाई उन्हें भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजधानी के अलावा फैजाबाद, देहरादून, वाराणसी, बरेली, कानपुर, रायबरेली और इलाहबाद की टीमों ने भी हिस्सा लिया।

टीसीएस आईटी विज में कक्षा 8 से 12 में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए था। क्विज के दौरान सोशल मीडिया आउटरीच कार्यक्रम के तहत वास्तविक समय में छात्रों को संलग्न करने करने के लिए एक इंटरैक्टिव ट्विटर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ट्विटर प्रतियोगिता में तकरीबन 8500 ट्वीट्स किए गए। इस प्रतियोगिता में ट्वीट करने पर अंक मिलेंगे। पिक्चर के साथ करने पर 3 अंक, री ट्वीट पर 5 अंक जोड़े जाएंगे। 14 शहरों में सबसे ज्यादा अंक पाने वाले छात्र को टीसीएस आईटी के मेगा फइनल देखने के लिए मुंबई ट्रिप प्रायाजित की जाएगी।